**रायपुर।** कृष्णा कॉलेज की ओर से पं. दीनदयाल ऑडिटोरियम में आयोजित झूम तराना महोत्सव के रंगारंग समापन हुआ। कई शानदार प्रस्तुतियों से अंतिम दिन भी प्रतिभागियों में वही उत्साह और जोश दिखाई दिया। आखिरी दिन नृत्य पेश करते हुए प्रतिभागियों में अद्भुत उत्साह देखने को मिला। महोत्सव के मंच पर कला का ऐसा संगम देखने को मिला, जिसमें परंपराओं और आधुनिकता का जोश एक साथ झलका। कुल 200 से अधिक प्रतिभागियों ने अपनी प्रस्तुति देकर निर्णायकों और दर्शकों का दिल जीत लिया। तीसरे दिन की शुरुआत शास्त्रीय नृत्य से हुई, जिसमें भरतनाट्यम और कुचिपुड़ी की प्रस्तुतियों ने सभागार को एक आध्यात्मिक और सांस्कृतिक माहौल से जोड़ दिया। कई प्रतिभागियों ने बॉलीवुड गानों पर शानदार प्रस्तुति दी।



#### दुर्गाजी का रौद्र व शांत रूप दिखाया

भरतनाट्यम के प्रस्तुति में हरिप्रिया नायर ने कीर्तन दुर्गे-दुर्गे गीत पर अपने नृत्य से दुर्गाजी के रूप को दर्शाया। हरिप्रिया ने अपनी प्रस्तुति में दुर्गाजी के रौद्र, शांत के साथ मां काली के गले पर नरमुण्ड पहने भरतनाट्यम मुद्राओं में शानदार प्रस्तुति दी। अपने नृत्य में उसने पताका, कटकमुख, अर्धचंद्र मुद्राएं से 4 मिनट के प्रस्तुति में दुर्गाजी के विभिन्न रूपों को मंच पर दर्शाया।

#### शिव-पार्वती के वेश में दी प्रस्तुति

त्रिशूल, डमरू हाथ में लेकर भूमि तिवारी ने शिव तांडव की आकर्षक प्रस्तुति दी। साथ ही अयि गिरिनंदिनि नंदितमेदिनि विश्वविनोदिनि नंदिनुते...,आरम्भ है प्रचण्ड...,सेंदुर लाल चढ़ायो...गानों पर शानदार प्रस्तुति से सबका दिल जीत लिया। प्रतिभागी हरिनी देशवंत ने परफॉर्मेंस से पहले एक महीने तक पुष्पंजालि गाने पर प्रैक्टिस की और महोत्सव के अंतिम दिन इसकी प्रस्तुति दी।

### गुढ़ियारी स्थित भारत माता चौक पर दिव्य आरती से जगमगाया मंच, ऑपरेशन सिंदूर की दिखी झलक

# भारत माता की आरती में उमड़ा जनसैलाब

स्वतंत्रता दिवस की पूर्व संध्या पर गुढ़ियारी स्थित भारत माता चौक रंगबिरंगी लाइटों से सजाकर आकर्षण का केंद्र बना रहा। देशभक्ति से सराबोर इस भव्य और भावनात्मक आयोजन का हिस्सा बनने के लिए जनसैलाब उमड़ा। ऑपरेशन सिंदूर की झलक भी आकर्षण का केंद्र रही। इसमें सेना के शौर्य को दिखाने का प्रयास किया गया। रायपुर पश्चिम के विधायक राजेश मूणत की अगवानी में गुरुवार शाम 7 बजे 'भारत माता की आरती' का आयोजन किया गया।

**रायपुर।** शहीदों के सम्मान और राष्ट्रीय एकता के प्रति जनभावना का प्रतीक बनने के लिए हर वर्ग के लोग पहुंचे। इनकी मौजूदगी में 101 पंडितों द्वारा वैदिक मंत्रोच्चार और शंख ध्वनि के बीच मां भारती की दिव्य आरती की गई। दीप, धूप और कपूर से आरती करते हुए हजारों लोगों ने भारत माता को नमन किया। इसमें ग्रामीण विधायक मोतीलाल साहू, पूर्व विधायक नंदकुमार साहू, राजीव अग्रवाल, छगन लाल मुंदड़ा, ओंकार बैस, युवा मोर्चा अध्यक्ष योगीराज टिकरिया, अमरजीत छाबड़ा, जयंती भाई पटेल, सूर्यकांत राठौर आदि शामिल हुए।

भारत के सैन्य बलों, अर्द्धसैनिक और पुलिस बलों को सलाम किया गया, जिनके बल पर हम आजादी की हवा में सांस ले रहे हैं। उन वीर जवानों के सामने लोग नतमस्तक हुए। सीमाओं से लेकर जंगलों तक, हर जगह तैनात जवानों की बहादुरी को यह आरती समर्पित की गई। इसके बाद लोक कलाकार राकेश तिवारी एवं पुरुषोत्तम चंद्राकर और उनके दल ने छत्तीसगढ़ी गीतों से देशभक्ति का संदेश दिया।

#### 20 वार्डों से होकर गुजरी तिरंगा यात्रा

आयोजन में अनुशासन, शांति और एकता की मिसाल देखने को मिली। इससे पहले रायपुर पश्चिम क्षेत्र के सभी वार्डों से तिरंगा यात्रा निकाली गई, इसका समापन भारत माता चौक पर किया गया। सभी 20 वार्डों से तिरंगा यात्रा निकाली गई, जहां वार्ड पार्षद और स्थानीय नेताओं सहित युवाओं की टोली बाइक पर सवार होकर वार्ड भ्रमण करते हुए भारत माता की आरती स्थल भारत माता चौक पर पहुंची। सभी गाड़ियों में तिरंगे और भारत माता की जय के नारों ने वार्ड सहित पश्चिम में देशभक्ति का माहौल निर्मित करने में कोई कसर बाकी नहीं रखी।

## आजादी के बाद विभाजन का दर्द आंखों के सामने अपनों को मरते देखा

**रायपुर।** आजादी के 78 साल बाद भी डॉ. अरूणा पाल की बूढ़ी आंखों में भारत-पाक विभाजन की विभीषिका का दर्द उभर आता है। आजादी की रात का जिक्र करते हुए उन्होंने हरिभूमि से चर्चा में अपनी पीड़ा साझा की। अरूणा ने बताया कि विभाजन के फैसले का जैसे ही बिगुल बजा, वैसे ही पाकिस्तान में कत्लेआम शुरू हो गया। उस वक्त वे अपने 10 भाई-बहनों और माता-पिता के साथ पाकिस्तान के फैसलाबाद में थीं। उस वक्त उनके सामने ही पाकिस्तानियों ने हिंदुओं को घर से बाहर निकालकर उनका कत्लेआम शुरू कर दिया था।



हरिभूमि से बातचीत के दौरान डॉ. अरूणा पाल ने बताया कि भारत-पाक विभाजन के दौरान मेरी उम्र 9 वर्ष थी। पाकिस्तान में फंसे हिंदुओं को भारत ट्रेन में लाने का फैसला करने के लिए नेताओं को 1 माह का वक्त लग गया। जिसके बाद गर्भवती महिलाओं को पहली पाली में चिकित्सकों की टीम के साथ ट्रेन के माध्यम से भारत भेजने का निर्णय लिया गया। उस वक्त मेरी बड़ी बहन चिकित्सक थीं, जिसके कारण हमें भी उस पहली ट्रेन में सफर करने का मौका मिला।

#### भारत पहुंचते किया धरती माता को प्रणाम

जब पाकिस्तान से दूसरी ट्रेन भारत पहुंची, तब वह लम्हा आत्मा को झंझोड़ देना वाला था। ट्रेन हजारों हिंदुओं की लाशों से भरी हुई थी, पाकिस्तानियों ने बच्चों से लेकर बुजुर्गों तक को ट्रेन में ही मार दिया था। भारत पहुंचने के बाद सभी हिंदुओं की आंखें नम थीं। भारत की जमीं पर उतरते ही सभी ने धरती माता को प्रणाम किया। भारत-पाक विभाजन के समय पाकिस्तान से भारत आने का सफर बहुत ही दर्दनाक और मुश्किल था। लाखों लोगों को अपने घरों, जमीनों समेत काफी कुछ छोड़कर रातो-रात सीमा पार जाने का आदेश दिया गया था।

## आजादी के संघर्ष की ऐसी अमर दास्तां, जो जेल की दीवार पर छपकर अमिट हो गई

**रायपुर।** मातृभूमि के लिए तन-मन न्योछावर करने का मतलब सदा के लिए अमरत्व को प्राप्त कर लेना होता है। यह सौभाग्य जिन्हें मिला, उनके नाम देशवासियों के दिलों पर अनंतकाल के लिए अमिट रूप में अंकित हो गए। आजादी के संघर्ष की ऐसी ही अमर दस्तां राजधानी के केंद्रीय गृह जेल की दीवार पर अंकित है।



अंग्रेजी हुकूमत ने जिस जेल में उन्हें कैद किया, आजादी के बाद उसी जेल की दीवार पर उनका नाम शिलापट्टिका पर शान के साथ अंकित किया गया। केंद्रीय गृह जेल रायपुर के अधीक्षक योगेश सिंह क्षत्री ने बताया कि जेल की दीवार पर उन 58 स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के नाम शिलापट्टिका पर अंकित किए गए हैं, जिन्हें सन 1930 से 1942 के दौरान आजादी के लड़ाई में भाग लिया।

#### इन 58 स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के नाम हैं दर्ज

स्वतंत्रता संग्राम सेनानी पं. रविशंकर शुक्ल, महंत लक्ष्मीनारायण दास, बृजलाल बियाणी, ठाकुर प्यारेलाल सिंह, शंकरलाल तिवारी, पीवी गोले, शिवदास डागा, डब्ल्यूवी लाखे, क्रांति कुमार, यतियतन लाल, भगवती प्रसाद, ठाकुर लक्ष्मण सिंह चव्हाण, भीमराव, रतीलाल, डॉ. शिवाजी पटवर्धन, पुरुषोत्तम देशपाण्डे, डीएम दामले, महादेव पारसनीस, सुंदरलाल शर्मा, नारायणराव मेघावले, चतुर्भुज भाई विठ्ठलदास, आनंदराव, रघुनाथ पंडित, लक्ष्मण मराठे, हरिहर वामन देशपांडे, मोहनलाल प्रेमसुख, परसराम जोगलेकर, डॉ. डीवी सोमन, गणेश गोविंद भोजराज, केशव शिवराम लेले, सुंदरलाल प्रयागदास, बालमुकुंद रामगोपाल, माधव पंडित, डॉ. खूबचंद बघेल, नंदकुमार दानी, गोपालराव, अनंतराम हिचराम, लक्ष्मीनारायण महानी, महादेव मनोहर, विश्वनाथराव तामस्कर, जगन्नाथ पटवर्धन, आबा माकड़े, वल्लभदास भीकमचंद, महादेव जोगलेकर, मोरेश्वर दामले, गनपतलाल पांडे, लक्ष्मण विठ्ठल देशमुख, महंत नयनदास, जगन्नाथ, पांडुरंग डोनगांवकर, वशुदास, महंत पूर्णदास, जमुनालाल चोपड़ा, सेठ मोहनलाल, मूलचंद, केएल गुमाश्ता, एमआर आवारी, प्रभुराम साव।

# वह जेल हुई खंडहर, जहां देश को आजादी दिलाने महिला-पुरुष सेनानियों ने काटी रातें

***रायपुर।*** *डीकेएस हास्पिटल के पीछे, या यूं कहें कि पुराना स्वास्थ संचालनालय भवन से लगे हुए क्षेत्र में अब भी वह खपरैल से ढंका भवन नजर आता है, जिसमें कभी 1854 से 1890 तक महिला और पुरुष बंदियों को रखा जाता था। खंडहर होते भवन को देखते हुए सिर्फ अंदाजा लगा सकते हैं कि यहां पहले कुछ था। इस संबंध में इतिहासविद प्रो. रमेंद्र नाथ मिश्र ने इस संबंध में कई रोचक तथ्य उजागर किए। उन्होंने बताया कि अंग्रेजों के जमाने में यहां जेल होती थी। इसका जिक्र स्वतंत्रता संग्राम सेनानी रहे भूतपूर्व सांसद स्व. केयूर भूषण ने भी एक आयोजन में किया था। वे बताते थे कि 1906 के पहले अंग्रेज जिसे किसी भी अपराध के लिए गिरफ्तार करते थे, उसे इसी जेल में रखते थे।*

### इतिहासविद बोले- जब अंग्रेजी हुकूमत शुरू हुई तब डीकेएस के पीछे थी खपरैल वाले भवन की जेल



#### प्रमुख जेलों में गिनी जाती थी रायपुर जेल

प्रो. मिश्र ने बताया कि तब इसे प्रमुख जेलों में गिना जाता था। इसलिए उन दिनों आजादी के लिए संघर्ष करने वालों को इस जेल में ही कैद किया जाता था। वहीं जेल विभाग से मिली जानकारी में पुष्टि हुई कि रायपुर केंद्रीय जेल का रिकार्ड 1908 के बाद का मिलता है। इसमें शहीद वीरनारायण सिंह को फांसी देने से पहले रखा गया था। इसके पहले जो भी सेनानी पकड़े गए, उन्हें अंग्रेजों द्वारा बनाई गई जेल में ही रखा जाता था। वे बताते हैं कि 1897 में केंद्रीय जेल रायपुर की स्थापना हुई। इसके बाद 1906 में जेल बनकर तैयार हुई। इस वजह से जेल का रिकार्ड 1908 के बाद का मिलता है। इसमें जिक्र है कि शहीद वीरनारायण सिंह रायपुर जेल में भी रखे गए थे।

#### कैम्पस में बने कुएं का अब नामो-निशान नहीं

कोतवाली इलाका होने से उन दिनों अंग्रेज अफसरों के लिए पुलिस की चौकसी तगड़ी होती थी। इसी से जुड़ी अंग्रेजों की पुरानी जेल व्यवस्था थी। स्वतंत्रता के लिए संघर्ष करने वाले सेनानियों ही नहीं, बल्कि विभिन्न अपराध में पकड़े जाने वाले लोगों को यही रखा जाता था। इस जेल परिसर में ही जेलर का भी निवास था। डीकेएस के पीछे जेल कैम्पस की सड़क के बीच कुछ साल पहले तक कुंआ था, इस कुंए और जेल का गहरा संबंध था। इसे सड़क बनाने के लिए पाट दिया है। अब कुंए का नामो-निशान तक नहीं बचा है। वे बताते हैं कि जेल और अस्पताल में इस कुंए के पानी का ही इस्तेमाल किया जाता था।

### बैंड की धुन पर सुनाएंगे राष्ट्रभक्ति के गीत

**रायपुर।** 79वें स्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष्य में रेलवे सुरक्षा बल, दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे की बैंड टीम द्वारा भव्य बैंड डिस्प्ले का आयोजन किया जा रहा है। यह कार्यक्रम सायं 17.30 से 18.30 बजे तक रेलवे स्टेशन के वीआईपी गेट-2 के सामने आयोजित है। इस अवसर पर रेलवे सुरक्षा बल के बैंड मास्टर टीआर यादव के नेतृत्व में बैंड



टीम के सदस्य विभिन्न देशभक्ति धुनों का वादन करेंगे। इन भावपूर्ण धुनों के माध्यम से देशवासियों में राष्ट्रभक्ति, सामाजिक एकता एवं राष्ट्र गौरव की भावना को प्रोत्साहित किया जाएगा। बैंड डिस्प्ले का मुख्य उद्देश्य आम नागरिकों, शासकीय कर्मचारियों, रेलकर्मियों, पुलिस बल के सदस्यों और अन्य जनमानस में देशप्रेम और राष्ट्रीय एकता की भावना को सुदृढ़ करना है।



हरिभूमि
# रायपुर भूमि
रायपुर, शुक्रवार 15 अगस्त 2025

तापमान

अधिकतम 33.1 डिग्री

न्यूनतम 25.4 डिग्री

# व्यापम के बाद पीएससी ने भी लागू किया ड्रेस कोड

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

खास खबर

छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित की जाने वाली परीक्षाओं में भी अब कड़े ड्रेस कोड लागू होंगे। इसे लेकर पीएससी द्वारा अधिसूचना जारी कर दी गई है। लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित की जाने वाली परीक्षाओं में अब सिर्फ आधी बांह के कपड़े और स्लीपर पहनकर ही शामिल हो सकेंगे। बिलासपुर में उप अभियंता भर्ती परीक्षा के दौरान हुए हाईटेक नकल के बाद सर्वप्रथम व्यापम ने अपनी प्रवेश परीक्षाओं और भर्ती परीक्षाओं में ड्रेस कोड लागू किए थे। हाफ बांह के अलावा परीक्षार्थियों को हल्के रंग के कपड़े भी पहनने होंगे। काला, मैरून, गहरा नीला व हरा, जामुनी, बैंगनी, चॉकलेटी सहित अन्य सभी गहरे रंग प्रतिबंधित हैं। पीएससी ने ना पहने जाने वाले रंगों की सूची भी अपलोड की है।

नीट की तर्ज पर ड्रेसकोड लागू करने के अलावा परीक्षार्थियों के लिए किसी भी तरह के उपकरण प्रतिबंधित रहेंगे।

### होगा जैमर का प्रयोग

अब तक व्यापम और पीएससी की परीक्षाओं में जैमर का प्रयोग नहीं होता था। अभ्यर्थियों की जांच भी सामान्य तरह से ही होती थी। व्यापम के बाद अब पीएससी भी साइबर सुरक्षा की दृष्टि से जैमर का इस्तेमाल करेगा। परीक्षार्थियों की जांच मेटल डिटेक्टर से होगी, ताकि किसी भी तरह के सूक्ष्म से सूक्ष्म उपकरण पकड़ में आ सकें। पीएससी की अगली परीक्षाओं से ये नए नियम लागू कर दिए जाएंगे।

## आधी बांह शर्ट और स्लीपर में हल करने होंगे पर्चे



- हाईटेक नकल प्रकरण के बाद व्यापम ने लागू किया था ड्रेसकोड
- उन रंगों की भी सूची अपलोड, जिन्हें पहनने पर प्रतिबंध

### नहीं छोड़ सकेंगे परीक्षा कक्ष

पीएससी अभ्यर्थी परीक्षा समाप्त होने के पहले कक्ष नहीं छोड़ सकेंगे। उन्हें परीक्षा अवधि पूर्ण होने तक कक्ष में ही बैठना होगा। यदि किसी अभ्यर्थी के साथ किसी तरह चिकित्सीय आपातकाल की स्थिति निर्मित हो जाती है तो अभ्यर्थी को अस्पताल ले जाने और परीक्षा समाप्त होने के समय तक दो वीक्षक अभ्यर्थी के साथ अस्पताल में ही मौजूद रहेंगे। वे यह सुनिश्चित करेंगे कि अभ्यर्थी परीक्षा संबंधित किसी भी तरह की अवांछित गतिविधि कक्ष से बाहर निकलकर ना करे।

# 11 पुलिस अफसर, कर्मियों सहित 34 को राज्य वीरता के साथ अलग-अलग सम्मान

- 12 जिलों के पुलिस अफसर, कर्मियों को मिलेगा अलग-अलग केटेगरी का सम्मान



स्वतंत्रता दिवस का फाइनल रिहर्सल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

केंद्रीय मंत्रालय के साथ राज्य सरकार ने 11 पुलिस अफसरों सहित 34 पुलिसकर्मियों को वीरता पुरस्कार के साथ अन्य कैटेगरी का सम्मान देने की घोषाणा की है। जिन पुलिस अफसर तथा कर्मियों को सम्मान दिए जा रहे हैं, उनमें दंतेवाड़ा में पदस्थ संजय पोटाम को तीसरी बार वीरता पदक मिल रहा है। वीरता पदक पाने वालों में रायपुर के टीआई भुवनेश्वर साहू तथा लालजी सिन्हा के नाम भी शामिल हैं।

राज्य सरकार ने बेहतर पुलिसिंग करने के फलस्वरूप जिन पुलिसकर्मियों को सम्मान देने का निर्णय लिया है, उनमें 16 पुलिस अफसर तथा कर्मियों को विशिष्ट तथा सराहनीय सेवा के लिए राष्ट्रपति पुलिस पदक से सम्मानित किया जाएगा। साथ ही जेल तथा पुलिस विभाग के अफसर कर्मियों को सराहनीय सुधार के साथ गृह रक्षक और नागरिक सुरक्षा पदक देकर सम्मानित किया जाएगा। जिन पुलिसकर्मी तथा अफसरों को सम्मानित किया जाएगा, उनमें 12 जिलों के पुलिसकर्मी तथा अफसर शामिल हैं। जिन पुलिसकर्मियों को सम्मानित किया जाएगा उनके नाम और सूची इस प्रकार से है -

### पुलिस वीरता पदक

- डीएसपी, अंजुकुमारी कबीरधाम
- टीआई, लालजी सिन्हा, भुवनेश्वर कुमार साहू, संजय पोटाम, चैतराम गुरुपंच
- एएसआई, प्यारस मिंज
- हेड कांस्टेबल, शहीद बुधराम कोरसा की पत्नी सुखमति कोरसा, प्यारस मिंज, कमलेश मरकाम, दिनेश भास्कर, हेमला नंदू, मनोज पुनेम

### विशिष्ट सेवा के लिए राष्ट्रपति का पुलिस पदक

- महेश राम साहू, सेवानिवृत्त टीआई पीएचक्यू (विशेष शाखा)

### सराहनीय सेवा के लिए पुलिस पदक

- सेवानिवृत्त एआईजी पीएचक्यू, ज्ञानेश कुमार अवस्थी
- डीएसपी, अनिल कुमार कश्यप
- निरीक्षक, हरिशंकर प्रताप सिंह, वली मोहम्मद शेख
- कंपनी कमांडर सातवीं बटालियान भिलाई, नरेश कुमार पैकरा
- एएसआई नक्सल सेल बिजापुर, समैया चिपनपल्ली
- हेड कांस्टेबल, सुशील कुमार श्रीवास, तुलाराम चुरेंद्र, हरिशचंद्र मरकाम
- कांस्टेबल, सुशील कुमार चौबे

### सराहनीय सुधार सेवा पदक

- डीएसपी जेल जगदलपुर, मधु सिंह
- सेवानिवृत्त मुख्य प्रहरी बेमेतरा जेल, साहेब उद्दीन अंसारी
- मुख्य प्रहरी उप जेल सूरजपुर, झीमन राम टोप्पो
- जेल प्रहरी दंतेवाड़ा, ज्ञान प्रकाश पैकरा, हरबंश लाल मरकाम

### गृह रक्षक, नागरिक सुरक्षा

- नायक नगर सेना कोरिया, महेश कुमार मिश्रा

# वकील के साथ हुज्जतबाजी, दो गिरफ्तार, केस किसी दूसरे को देने की बात को लेकर विवाद

- वकील के साथ दुर्व्यवहार करने वाले लूट, अर्म्स एक्ट के आरोपी

**वकीलों ने कोर्ट परिसर में सुरक्षा बढ़ाने की मांग की**



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

वकील के साथ हुज्जतबाजी तथा धमकी देने के आरोप में सिविल लाइंस थाने की पुलिस ने दो बदमाशों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने जिन बदमाशों को गिरफ्तार किया है, उनके खिलाफ डीडीनगर थाने में लूट तथा आर्म्स एक्ट के मामले दर्ज हैं। वकील के साथ हुज्जतबाजी तथा धमकी से नाराज जिला अधिवक्ता संघ ने कोर्ट परिसर में सुरक्षा बढ़ाने मांग की है।

विशाल गुप्ता की शिकायत पर पुलिस ने विजय घृतलहरे तथा ललित कुर्रे को गिरफ्तार किया है।

### मामला काफी गंभीर

जिला अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष हितेंद्र तिवारी ने वकील के साथ हुज्जतबाजी तथा गाली-गलौज की घटना को काफी गंभीर बताते हुए पुलिस से कोर्ट परिसर में सुरक्षा बढ़ाने मांग की है। जिला अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष ने पूर्व की घटना को देखते हुए एसएसपी से कोर्ट परिसर तथा वकीलों की सुरक्षा बढ़ाए जाने की मांग की है।

अपहरण कर तीन दिन तक बंधक बनाकर की मारपीट, फिर अधमरी हालत में छोड़ दिया

# चर्चित यश शर्मा हत्याकांड के चार आरोपियों को आजीवन कारावास

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

राजेंद्र नगर थाना क्षेत्र के चर्चित यश शर्मा हत्याकांड में अपर सत्र न्यायाधीश पंकज सिन्हा की कोर्ट ने चार आरोपियों को उम्रकैद की सजा सुनाई है। बदमाशों ने गर्लफ्रेंड विवाद पर यश को पार्टी करने के बहाने बुलाया और उसका अपहरण कर बुरी तरह से मारपीट की। हालत बिगड़ने पर उसे एक फार्म हाउस में कमरा बुक कर तीन दिनों तक जबरन शराब पिला कर मारपीट की। मारपीट से यश की आंतों में सूजन आ गई थी, जिसके कारण अस्पताल में उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। मामले की गंभीरता को देखते हुए कोर्ट ने चारों आरोपियों को सजा सुनाई है।

## राजेंद्र नगर थाना क्षेत्र में युवक की हत्या का मामला



**सजा से बौखलाए आरोपियों ने की गाली-गलौज :** चारों आरोपियों को कोर्ट ने 28 गवाहों के बयान के आधार पर सजा सुनाई है। मामले का ट्रायल तीन माह पहले ही शुरू हुआ था। ट्रायल पूरा होने के बाद कोर्ट ने आरोपियों को कैद की सजा सुनाई। सजा सुनाए जाने पर यश खेमानी तथा उसके साथी कोर्ट परिसर में हंगामा करने लगे। साथ ही वहां उपस्थित लोगों के साथ गाली-गलौज की।

### पेन किलर देने के साथ जबरन शराब पिलाई

मारपीट से बुरी तरह से आहत दर्द से तड़प रहे यश को बदमाशों ने दर्द से राहत देने पेन किलर दवा दी और जबरन शराब पिलाई। इससे उसकी हालत बिगड़ने लगी। इस पर यश खेमानी तथा उसके साथियों ने दो दिन बाद अधमरा हालत में उसे उसके घर के पास छोड़ा और फरार हो गए। यश शर्मा को उपचार कराने उसके परिजनों ने एम्स अस्पताल में दाखिल किया, जहां उसकी कुछ दिन बाद उपचार के दौरान मौत हो गई। यश शर्मा के साथ मारपीट तथा बंधक बनाने की वजह यश खेमानी की गर्लफ्रेंड से बात करना था।





15 August
स्वतंत्रता दिवस
की हार्दिक शुभकामनाएं!
मुकेश ढीढी
जिलाध्यक्ष - सरपंच संघ रायपुर
हेमकुमार मार्कण्डेय
अध्यक्ष - सरपंच संघ नया रायपुर
श्रीमती प्रेमिन संतराम वर्मा
अध्यक्ष - सरपंच संघ आरंग


15 अगस्त
समस्त क्षेत्रवासियों को
स्वतंत्रता दिवस
की हार्दिक शुभकामनाएँ
श्रीमती सुषमा ध्रुव
सरपंच
श्री बिहारी लाल साहू
उपसरपंच
आदर्श ग्राम पंचायत
पलौद
श्री प्रीतम सिंह कामड़े
सचिव
श्रीमती कविता साहू
ग्रा.रो.सहा.
(पंच) श्री नरेन्द्र कुमार साहू
(पंच) श्री संतोष साहू
(पंच) श्री रोहित साहू
(पंच) श्री शिव कुमार साहू
(पंच) श्री शेषनारायण साहू
(पंच) श्री भारत साहू
(पंच) श्रीमती भामनी साहू
(पंच) श्रीमती सोहद्रा साहू
(पंच) श्रीमती सविता साहू
(पंच) श्रीमती प्रभा साहू
(पंच) श्रीमती पुष्पा साहू
(पंच) श्रीमती अनेश्वरी ध्रुव
(पंच) श्रीमती लता साहू
(पंच) श्रीमती सुशीला साहू
(पंच) श्रीमती हुलसी साहू
(पंच) श्रीमती उमा साहू


हमारी ओर से आप सभी को
स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं!
श्रीमती मीनू बाई ध्रुव
सरपंच
चम्मन ध्रुव
सरपंच प्रतिनिधि
रमेश साहू
उपसरपंच
-: पंचगण :-
नंदनी ध्रुव, डुगेश्वर पटेल, कमलेश देवांगन, श्रीमती अनीता पटेल, श्रीमती सीता देवांगन, शेषनारायण साहू, सुरेंद्र पटेल ,श्रीमती कृष्णा निर्मलकर, श्रीमती शेषबाई साहू, श्रीमती मंजू बाई साहू,विकास यादव, श्रीमती संतोषी साहू, श्रीमती सुकारो साहू, छबिराम साहू, धनेश धीवर,श्रीमती संध्या नामदेव, धर्मेंद्र साहू, श्रीमती सत्यवती साहू, श्रीमती मोतीम साहू,सचिव रमेश साहू, रोजगार सहायक रोशनी देवांगन, भृत्य दीनदयाल साहू
विनीत : समस्त ग्रामवासी एवं ग्राम पंचायत - खोरपा


ग्राम पंचायत कन्हेरा
वि. ख. अभनपुर,जिला - रायपुर (छ. ग.)
सरपंच
भानुप्रताप साहू
स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
उपसरपंच
हिरामन निषाद
रिखीराम साहू पंच
कृष्णा कुमार साहू पंच
संतोष निषाद पंच
गीता निषाद पंच
उर्वशी साहू पंच
रेशमी साहू पंच
शकुन्तला साहू पंच
गूंजा साहू पंच
मंजू ध्रुव पंच
दुलारी साहू (ग्रा.रो.सहा. )
धर्मेन्द्र वर्मा सचिव
कमलनारायण साहू पंचायत चपरासी


15 अगस्त
समस्त क्षेत्रवासियों को
स्वतंत्रता दिवस
की हार्दिक शुभकामनाएँ
शुभम पाण्डेय
संवाददाता, हरिभूमि & INH 24x7 अभनपुर
समाचार एवं विज्ञापन के लिए
संपर्क करें- मो. 97705-44442

**खबर संक्षेप**



## चरौदा में आठ चौराहों का नामकरण किया

**आरंग।** अंचल के ग्राम चरौदा में प्रतिवर्ष राष्ट्रीय पर्व को बहुत ही हर्षोल्लास से मनाया जाता है। ग्रामीणों ने ग्राम के आठ चौक चौराहों का नाम देशभक्तों के नाम पर रखा है। प्रतिवर्ष सभी चौंक चौराहों पर जनप्रतिनिधि, स्कूली बच्चे व ग्रामीण पहुंचकर ध्वजारोहण करते हैं। वहीं शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला चरौदा में बच्चे सीआरपीएफ के जवानों से स्वतंत्रता दिवस में प्रदर्शन के लिए मार्च पास्ट सीख रहे हैं। शिक्षको ने बताया स्वतंत्रता दिवस की तैयारी को लेकर बच्चों में काफी उत्साह है। बाजे गाजे के साथ प्रभात फेरी निकालने की तैयारी कर रहें है। जिसमें बच्चे स्वयं ही बैंड बाजा बजाते नजर आएंगे। और बच्चे ध्वजारोहण के पहले स्कूल प्रांगण में मार्च पास्ट कर झंडे को सलामी देंगे।वहीं ग्राम पंचायत सभी बच्चों व ग्राम में घर घर तिरंगा वितरण कर रहें हैं।

## साहित्यकार प्रभात कई गांवों में करेंगे ध्वजारोहण

**अभनपुर।** स्वतंत्रता दिवस के शुभ अवसर पर समाज विचारक एवं साहित्यकार प्रभात मिश्र द्वारा ग्राम खट्टी, खोरपा, भरेंगा चौक एवं बेलर में ध्वजारोहण किया जाएगा। इस अवसर पर प्रभात मिश्र राष्ट्रीय ध्वज फहराकर ग्रामवासियों को स्वतंत्रता संग्राम, सामाजिक समरसता एवं सांस्कृतिक विरासत के महत्व पर अपनी बात लोगो के बीच रखेंगे।

**दिवस :** टंक राम वर्मा एवं गुरु खुशवंत साहेब, भाजयुमो अध्यक्ष फनेंद्र एवं नवीन अग्रवाल शामिल हुए

# भाजयुमो ने 51 किमी लंबी विशाल तिरंगा बाइक यात्रा निकाली और गूंजा वंदे मातरम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| तिल्दा नेवरा

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के 'एक भारत – श्रेष्ठ भारत' और 'स्वच्छ भारत' के संकल्प को जन-जन तक पहुँचाने के उद्देश्य से, भारतीय जनता युवा मोर्चा रायपुर जिला ग्रामीण के जिलाध्यक्ष फनेन्द्र भूषण वर्मा के नेतृत्व में भव्य "विशाल तिरंगा बाईक रैली" का आयोजन हुआ। इस अवसर पर कैबिनेट मंत्री, छत्तीसगढ़ शासन टंक राम वर्मा एवं सतनामी समाज के धर्मगुरु अनुसूचित जाति विकास प्राधिकरण उपाध्यक्ष एवं आरंग विधायक गुरु खुशवंत साहेब विशेष रूप से शामिल हुए। यात्रा का शुभारंभ अटल नगर नया रायपुर से हुआ और भारत माता के जयघोष, 'वंदे मातरम्' एवं 'भारत माता की जय' के नारों से गूंजते हुए 51 किलोमीटर से अधिक दूरी तय कर धरसींवा विधानसभा के खरोरा मंडल में पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी चौक पर स्वदेशी और स्वच्छता के संकल्प के साथ सम्पन्न हुई।

कार्यक्रम में मुख्य रूप से जिला पंचायत अध्यक्ष नवीन अग्रवाल , निगम आयोग अध्यक्ष, ध्रुव कुमार मिर्धा , आरंग नगर पालिका अध्यक्ष संदीप जैन , भाजपा वरिष्ठ नेता के.के. भरतद्वाज , पूर्व जिलाध्यक्ष राजेश साहू , मंडल अध्यक्ष गोपाल वर्मा देवनाथ साहू , देवकुमार साहू महामंत्री राकेश सोनकर, अशोक चंद्राकर, श गजेंद्र वर्मा, जिलाध्यक्ष पिछड़ा वर्ग मोर्चा तिलक साहू एवं धरसींवा के खरोरा मंडल अध्यक्ष श्रीमती सोना वर्मा महामंत्री घनश्याम चंद्राकर दुलेश साहू, बोहरही मंडल अध्यक्ष हरिशंकर वर्मा नगर पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि एवं सांसद प्रतिनिधि अनिल सोनी, नरेंद्र ठाकुर, छगन यादव, जिला युवा मोर्चा गजेंद्र यादव, गोयल भट्ट, पिंटू साहू, विनोद साहू मंडल अध्यक्ष वेदप्रकाश देवांगन, गोविन्द वर्मा, महेश यदु, महामंत्री हितेश साहू, अमन बघेल,रामकुमार बैस, नीरज चंद्राकर यशपाल लोधी, साकेत चंद्राकर, एवं दिलराज छाबड़ा, संजय पाटकर, विनय वर्मा, पिंटू साहू, गौरव साहू सहित सैकड़ो कार्यकर्ता उपस्थित होकर इस 51 किलोमीटर से भी अधिक तिरंगा यात्रा कि बाइक रैली को सफल बनाने मे अपनी सहभागिता दिए।

### युवा शक्ति ही राष्ट्र का भविष्य

टंक राम वर्मा ने कहा –युवा शक्ति ही राष्ट्र का भविष्य है। तिरंगा यात्रा के माध्यम से यह संदेश स्पष्ट है कि देश की एकता, अखंडता और सम्मान की रक्षा में हम सभी सदैव एकजुट रहेंगे।

**गुरु खुशवंत साहेब ने कहा** – यह तिरंगा यात्रा प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के राष्ट्रनिर्माण के विजन के अनुरूप है। यह केवल एक यात्रा नहीं, बल्कि माँ भारती, हमारे महापुरुषों, स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों और वीर सैनिकों के प्रति हमारी कृतज्ञता का प्रतीक है। तिरंगा भारत के अद्वितीय शौर्य, पराक्रम और राष्ट्रीय एकता का प्रतीक है। इस यात्रा से हमने समरसता और सद्भावना का संदेश जन-जन तक पहुँचाया है।फनेन्द्र भूषण वर्मा ने युवाओं को संबोधित करते हुए कहा –हम सभी 15 अगस्त को अपने-अपने घरों में तिरंगा फहराएँ और आजादी के इस महाउत्सव को हर्षोल्लास से मनाएँ। यह अवसर हमें हमारे वीर शहीदों के बलिदान को याद करने और उनके राष्ट्रप्रेम को अपनी जीवनशैली में अपनाने का संकल्प देता है।








## सरपंच के नेतृत्व में निकाली तिरंगा यात्रा

**अभनपुर।** आजादी के अमृत महोत्सव एवं हर घर तिरंगा अभियान के अंतर्गत ग्राम पंचायत भरेंगा में तिरंगा यात्रा का आयोजन किया गया। इस आयोजन की अगुवाई ग्राम पंचायत के सरपंच निलेश यादव द्वारा की गई। तिरंगा यात्रा में उप सरपंच महेश सोनवानी, ललित यादव, बेदु यादव, मेश पुरेन, विनोद पटेल, नारायण सोनवानी, अमन धिवर, तुपेश्वर धुरु, नितिन धिवर सहित बड़ी संख्या में ग्रामवासी उत्साहपूर्वक शामिल हुए। यात्रा के दौरान देशभक्ति नारों से वातावरण गूंज उठा और सभी ने राष्ट्रीय ध्वज के प्रति सम्मान प्रकट करते हुए एकता और अखंडता का संदेश दिया।

## खपरी में निकाली तिरंगा यात्रा और दिया देश प्रेम का संदेश

**आरंग।** नरेंद्र मोदी की प्रेरणा से आरंभ हर घर तिरंगा अभियान पूरे देश मे चल रहा है। इसी कड़ी में ग्राम खपरी में सरपंच सुनीता साहू के नेतृत्व में भव्य तिरंगा यात्रा निकाली गई। मोर तिरंगा, मोर अभिमान व आजादी के अमृत महोत्सव ने देशभक्ति की ज्योति जलाई है। प्राथमिक व उच्च प्राथमिक शाला के बच्चों सहित ग्राम के नागरिक भी बड़े ही उत्साह के साथ इस तिरंगा यात्रा मे शामिल हुए। इस अवसर पर उच्च प्राथमिक शाला के प्रधान पाठक खम्मन लाल साहू, प्राथमिक शाला के प्रधान पाठक गोपाल चंद्राकर, शिक्षक देवऋषि पात्रे, मनोज साहू, शिक्षिका ईश्वरी बंजारे, उच्च प्राथमिक शाला के विधायक प्रतिनिधि राजकुमार साहू, प्राथमिक शाला के विधायक प्रतिनिधि मिलु राम साहू, सरपंच प्रतिनिधि काशी राम साहू, पंचगण रीवन लाल यादव, शंकर लाल साहू, तारणी ध्रुव, पंचायत सचिव पिंकेश बांधे, रोजगार सहायक रेनू साहू, निर्मलदास मानिकपुरी, अन्नू साहू, प्रेरणा महिला समूह के अध्यक्ष हिरकणी साहू, भुनेश्वरी साहू, फलेश्वरी यादव, उषा साहू, ममता साहू सहित बड़ी संख्या मे ग्रामीण भी शामिल हुए।

## प्लांट में चोरी के मामले में 3 युवक जेल दाखिल

**तिल्दा नेवरा।** अष्टधातु फैरोमेटल प्लांट ताराशिव में चोरी करने वाले 03 युवक पुलिस गिरफ्त में, खरीददार को भी किया गया गिरफ्तार। एक नग कैमरा तथा कच्चा लोहा का टुकड़े की भी हुई चोरी। प्रार्थी योगेन्द्र नारंग ने नेवरा थाना आकर रिपोर्ट दर्ज कराया कि इनके अष्टधातु फैरोमेटल प्लांट ताराशिव में कोई अज्ञात चोर मेन गेट के दीवाल के कुंडी को उखाडकर अंदर प्रवेश कर स्टोर रूम में रखे कच्चा लोहा के सामान तथा स्टोर रूम के उपर लगे एक नग सीसीटीवी कैमरा को चोरी कर ले गये है। नेवरा पुलिस ने अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना पतासाजी कर मुखबिर की सूचना पर ग्राम खम्हरिया के डिगेश कुमार वर्मा 27 वर्ष, नागेश्वर पाल 29 वर्ष, आर्यन वर्मा 19 वर्ष ग्राम खम्मरिया निवासी तथा ताराशिव के बाबा विश्वकर्मा के दुकानदार सन्नी कुमार सिंह 25 वर्ष को हिरासत में लेकर आरोपियो के कब्जे से चोरी गये सामान सीसीटीवी कैमरा, कच्चा लोहा का टुकडा को जप्त किया गया तथा आरोपियो को धारा 331(4) , 305(5), 3(5), 317(2), बीएनएस के तहत गिरफ्तार कर न्यायालय पेश कर रिमांड पर भेजा गया है।



## हलषष्ठी पूजा की व पसहर चावल का प्रसाद पाया

**तरपोंगी।** हलषष्ठी का व्रत आस पास के गांवो में पारम्परिक रूप से उत्साह पूर्वक मनाया गया।महिलाओ ने अपने सन्तान की स्वस्थ एवं दीर्घायु जीवन की कामना के साथ उपवास रखा।प्राचीन परम्परा के अनुसार गांव की सभी महिलाएँ एक स्थान पर एकत्रित होकर सगरी(कुण्ड) बनाकर विधि विधान से भगवान शिव पार्वती, गणेश और कार्तिकेय तथा हलषष्ठी देवी की पूजा किए। हलषष्ठी देवी की महत्ता का कथा श्रवण कर बिना हल चलाए पैदा हुए अन्न का भोग लगाकर व्रत पूरा किया।



## हर्षोल्लास से महिलाओं ने मनाया हलषष्ठी पर्व

**आरंग।** गुरूवार को अंचल में हलषष्ठी का पर्व बहुत ही हर्षोल्लास से मनाया गया। सुबह से ही व्रत व पूजा पाठ की तैयारियां में लगी रही। दोपहर को सगरी के समीप पहुंचकर विधिवत पूजा आराधना की। प्रति वर्ष माताएं संतान की दीर्घायु और सुख समृद्धि की कामना के लिए हलषष्ठी का व्रत रखती हैं। जिसमें माताएं छः प्रकार की भाजियो से निर्मित साग, पशहर चांवल, भैस के दूध, दही और घी का सेवन कर अपना व्रत सम्पन्न करती है। व्रत में जिस साग और चावल का उपयोग करती है वह बिना हल चले स्थानों में उगा हुआ होता है।छः प्रकार के अन्न व दालों को प्रसाद के रूप में चढ़ाया जाता है।

सगरी के समीप पंडितों द्वारा पूजा आराधना कराई जाती है और हलषष्ठी माता की कथा का श्रवण करती है। इस व्रत में दोना पत्तल में पशहर चांवल, लाई, महुआ का प्रसाद वितरण किया जाता है। वहीं नगर सहित अंचल के सभी गांव में महिलाएं काफी उत्साह से हलषष्ठी का पर्व मनाई।












प्रस्तुति : शुभम पाण्डेय, अभनपुर, मो. 9770544442


श्रीमती चन्द्रिका बंजारे
अध्यक्ष जनपद पंचायत अभनपुर
खेलूराम साहू
उपाध्यक्ष जनपद पंचायत अभनपुर
मा. इन्द्रकुमार साहू जी
विधायक अभनपुर
15 अगस्त
समस्त क्षेत्रवासियों को
स्वतंत्रता
दिवस
की हार्दिक शुभकामनाएँ
श्रीमती राजेश्वरी ओमप्रकाश ध्रुव
सभापति समाज कल्याण
जनपद पंचायत अभनपुर
श्रीमती चंचल राजा दीवान
सभापति सहकारिता उद्योग
जनपद पंचायत अभनपुर
विनीत : खण्ड शिक्षा अधिकारी, अभनपुर


मा. बृजमोहन अग्रवाल
मा. चन्द्रशेखर साहू
मा. अशोक बजाज
मा. इन्द्रकुमार साहू जी
विधायक अभनपुर
15 अगस्त
स्वतंत्रता
दिवस
की हार्दिक शुभकामनाएँ
सारे जहाँ से अच्छा,
हिन्दोस्तां हमारा
हम बुलबुलें हैं इसकी,
यह गुलिसतां हमारा
नेहरू साहू
सरपंच
ग्राम पंचायत उल्बा


15 अगस्त
समस्त क्षेत्रवासियों को
स्वतंत्रता
दिवस
की हार्दिक शुभकामनाएँ
विनीत
मामनचंद हुकुमचंद सॉ मील
राजिम रोड, अभनपुर


समस्त क्षेत्रवासियों को
स्वतंत्रता दिवस
की हार्दिक शुभकामनाएं...
सारे जहां से अच्छा हिंदुस्तान हमारा हम बुलबुले हैं इसकी
यह गुलसिता हमारा, भारत माता की जय,
वंदे मातरम।
लौटन गिलहरे
राजेश साहू


वें स्वतंत्रता दिवस 15 अगस्त
समृद्ध, सुरक्षित और विकसित भारत को
स्वतंत्रता दिवस
की हार्दिक शुभकामनाएं
उत्सव है भारत की स्वतंत्रता का
प्रणाम कर स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के बलिदान को
एकजुट होकर अपने देश की एकता, अखंडता और
प्रगति के लिए छूना है प्रगति, उन्नति के नए आसमान को
धरसींवा की धरती ने हमेशा देशभक्ति और भाईचारे का
संदेश दिया है उसी संदेश संग समस्त प्रदेश और देश वासियों को
स्वतंत्रता दिवस
की हार्दिक शुभकामनाएं
अनुज शर्मा
विधायक, धरसींवा विधानसभा


सारे जहाँ से अच्छा, हिन्दोस्तां हमारा
हम बुलबुलें हैं इसकी, यह गुलिसतां हमारा
15 अगस्त
समस्त क्षेत्रवासियों को
स्वतंत्रता
दिवस
की हार्दिक शुभकामनाएँ
श्रीमती जानकी साहू
उपसरपंच
आशोक कुमार साहू
सरपंच, दोंदेखूर्द
पंचगण:- श्रीमती रूखमणी साहू, श्री चैतराम पटेल, श्री लखन देवर, श्री अम्मी रेड्डी, श्रीमती लक्ष्मी खैरवार, श्रीमती सागरबाई, श्रीमती यशवनी ध्रुव, श्रीमती सुरुचि कश्यप, श्री मनोज कुमार साहू, श्रीमती उर्मिला बंजारे, श्रीमती पार्वती भारती, श्री शलीक ब्रम्हें, श्रीमती कुलेश्वरी खुटे, श्री सूर्यप्रताप बंजारे, श्रीमती पेमिन यादव, श्री नंदकुमार खुटे, श्री योगेश मारकण्डे, श्री
मा. अनुज शर्मा जी
विधायक धरसींवा
विनीत - समस्त ग्रामवासी दोंदेखूर्द रायपुर (छ.ग.)
समस्त क्षेत्रवासियों को 15 अगस्त, स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं...
प्रस्तुति : हेमंत वर्मा, संवाददाता, हरिभूमि / आई.एन.एच. न्यूज धरसीवां, मो. 916577445





















प्रस्तुति : हेमंत वर्मा, संवाददाता हरिभूमि/आई.एन.एच. न्यूज धरसींवा मो. 9165774445, 7987151404


















प्रस्तुति : हेमंत वर्मा, संवाददाता, हरिभूमि / आई.एन.एच. न्यूज धरसीवां, मो. 916577445


15 अगस्त
समस्त क्षेत्रवासियों को
स्वतंत्रता
दिवस
की हार्दिक शुभकामनाएँ
भारत माता तेरी गाथा, सबसे ऊंची है तेरी शान,
तेरे आगे शीश झुकाए और दे तुझको हम सब सम्मान।
महेन्द्रा स्पंज एवं
पावर लिमिटेड यूनिट-2
सरोरा (तिल्दा)


अल्ट्राटेक
इंजीनियर की पसंद
देश का नं.1 सीमेंट
ADITYA BIRLA
CEMENT
बनेगा तो बढ़ेगा इंडिया
अल्ट्राटेक देश के नं.1 सीमेंट,
की ओर से
स्वतंत्रता दिवस की शुभकामनाएं


स्वतंत्रता दिवस
की हार्दिक शुभकामनाएं


समस्त शहर व क्षेत्रवासियों को 15 अगस्त स्वतंत्रता दिवस एवं
श्री कृष्णजन्माष्टमी पर्व
की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं...
नीलकमल फ्रेंड्स
ग्रुप तिल्दा नेवरा
सुनील अग्रवाल (JE) अध्यक्ष, पुरुषोत्तम अग्रवाल,
विजय (सोनू) मारकण्डेय, लक्ष्मीनारायण वर्मा (छोटू),
नरोत्तम ध्रुव, दिलीप वर्मा, चन्द्रकुमार पाटील,
राजकुमार गेन्ड्रे, छबिराम निषाद


समस्त क्षेत्रवासियों को
15 अगस्त, स्वतंत्रता दिवस की
हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं...
दीपक मेघानी
युवा समाजसेवी तिल्दा नेवरा














संकलनकर्ता : रमेश अग्रवाल मो. 9329217200, दिलीप वर्मा मो. 9424211900, 8120003500 संवाददाता हरिभूमि तिल्दा नेवरा













प्रस्तुति : हेमंत वर्मा, संवाददाता, हरिभूमि / आई.एन.एच. न्यूज धरसींवा, मो. 916577445


भवन निर्माण कार्य से सम्बन्धित सभी कार्य ठेके से किये जाते हैं।
विगत 15 वर्षों से आपके सेवा में
तन्मय कंस्ट्रक्शन
समस्त क्षेत्रवासियों को
स्वतंत्रता दिवस 15 AUGUST
की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं
प्रो. राकेश निर्मलकर
मो.: 9977400358, 7974743431
समस्त क्षेत्रवासियों को
15 August
स्वतंत्रता दिवस
की हार्दिक शुभकामनाएं!
समस्त प्रदेशवासियों को
स्वतंत्रता दिवस
की हार्दिक शुभकामनाएं।
संजय यादव जी
अध्यक्ष-नगर पंचायत माना कैम्प
श्यामा प्रसाद चक्रवर्ती जी
उपाध्यक्ष-भाजपा रायपुर
विनीत: समस्त नगरवासी नगर पंचायत माना कैम्प, रायपुर
LIC परिवार की ओर से समस्त प्रदेशवासियों को
स्वतंत्रता दिवस 15TH AUGUST
की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं
LIC
भारतीय जीवन बीमा निगम
LIFE INSURANCE CORPORATION OF INDIA
अधिक जानकारी के लिए संपर्क करें
लाकेश कुमार निर्मलकर
लाईफ एडवाइजर, रिटायरमेंट प्लानिंग एक्सपर्ट
(अभिकर्ता बनने के लिए सम्पर्क करें)
LIC Housing Finance के लिए संपर्क करें।
7879013451, 8305250531
Email : nirmalinvestmentpoint@gmail.com
-: कार्यालय :-
निर्मल इन्वेस्टमेंट, लक्ष्मी जनरल एवं किराना स्टोर्स के सामने, सिन्हा कॉम्प्लेक्स, धमतरी रोड, अभनपुर
ग्राम पंचायत थनौद,
जनपद पंचायत- अभनपुर की ओर से
समस्त क्षेत्रवासियों को
15 AUGUST
स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं।
समस्त प्रदेश वासियों को
15 अगस्त स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक बधाई व शुभकामनाएं...
15 AUGUST INDEPENDENCE DAY
श्रीमती सुनीता ललित साहू
छाया सरपंच ग्रा. पं. कांदुल
श्री ललित साहू
अध्यक्ष, साहू समाज कांदुल
आप सभी प्रदेशवासियों को
श्री गणेश ट्रेडर्स एवं प्रोपर्टी डीलर
की ओर से स्वतंत्रता दिवस की
हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं...
15th AUGUST
टीकम साहू जी
पंकज साहू (पूनम)
ईंटा, रेती, गिट्टी, छड़, सीमेंट, मिट्टी, मलमा, तार, खिला, गुथा रस्सी, पुट्टी, वॉटर प्रूफ केमिकल, सीमेंट शीट आदि के विक्रेता
पता- दुर्गा माता मंदिर के सामने, पुराना धमतरी रोड, डूण्डा, रायपुर (छ.ग.)
मो. 88272-76614, 74898-98520
ग्राम पंचायत बोरिया कला
जनपद पंचायत-धरसींवा की ओर से
समस्त क्षेत्रवासियों को
15 अगस्त
स्वतंत्रता दिवस
की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं
श्री हिमांचल साहू जी
सरपंच-ग्राम पंचायत, बोरिया कला
श्रीमती रिंकु वर्मा
उपसरपंच-ग्राम पंचायत, बोरिया कला
पंचगण
श्रीमती नूतन साहू, श्रीमती राधा बाई साहू, श्री देवेन्द्र कुमार साहू, श्रीमती हेमा साहू, श्रीमती देवेश्वरी साहू, श्री महेश्वरी वर्मा श्री उमाशंकर वर्मा, श्री द्वारिका प्रसाद वर्मा, श्रीमती रूखमणी राजपूत, श्रीमती रेणु डाहरे, श्री भारत डहरिया, श्रीमती दरनियाबाई डहरिया, श्रीमती गायत्री ओझा, श्री भागीरती पाण्डे, श्रीमती गनेशा साहू, श्री हरीचंद्र साहू, श्रीमती पूर्णिमा साहू, श्री ताम्रध्वज कोठले, श्रीमती दामिनी साहू
विनीत : समस्त ग्रामवासी, ग्राम पंचायत-बोरिया कला, जनपद पंचायत-धरसींवा
ग्राम पंचायत डोमा, जनपद पंचायत-धरसींवा की ओर से
समस्त क्षेत्रवासियों को स्वतंत्रता दिवस
की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं
श्री सुरेन्द्र कुमार निषाद
सरपंच-ग्राम पंचायत डोमा
सुश्री वासु यदु
सचिव-ग्राम पंचायत डोमा
श्री देवसिंग बघेल
उपसरपंच-ग्राम पंचायत डोमा
विनीत : समस्त ग्रामवासी ग्राम पंचायत-डोमा, वि.ख.-धरसींवा
ग्राम पंचायत धनेली
की तरफ से समस्त ग्रामवासियों, क्षेत्रवासियों एवं प्रदेशवासियों को
स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक बधाई... एवं शुभकामनाएं...
संदीप वर्मा जी
सरपंच
विपत रात्रे जी
उपसरपंच
संतोष कुमार सार्वा जी
सचिव
-पंचगण-
श्रीमती प्रीति वर्मा, दिलीप पटेल, कोमल साहू, श्रीमती चन्द्रकुमारी, टिकेश्वरी साहू, श्रीमती श्वेता टोडर, श्रीमती गंगोत्री साहू, नरेन्द्र साहू, श्रीमती रेखा रात्रे, धमेन्द्र वर्मा, श्रीमती रेवती रात्रे, श्रीमती रमशीला साहू
विनीत- समस्त ग्रामवासी ग्राम पंचायत, धनेली वि.ख.-धरसींवा, जिला-रायपुर (छ.ग.)
ग्राम पंचायत धुसेरा, जनपद पंचायत अभनपुर
की ओर से समस्त प्रदेशवाशियों को
15 अगस्त स्वतंत्रता दिवस
की हार्दिक शुभकामनाएं
श्री नरेश बैस
सरपंच ग्राम धुसेरा
श्रीमति चंचल राजा दीवान
सभापति ज.पं. अभनपुर
श्री नरेश मारकण्डेय
उपसरपंच ग्राम.पं. धुसेरा
ग्राम पंचायत माना बस्ती
जनपद पंचायत धरसींवा
की ओर से समस्त प्रदेश वासियों को
15 August
स्वतंत्रता दिवस
की हार्दिक शुभकामनाएं!
श्रीमती सुनीता लेखू बैस
सरपंच-ग्राम पंचायत माना बस्ती
श्रीमती हेमलता सेन
सचिव
कृणाल किरण सिन्हा
जनपद सदस्य
श्री संतोष यदु
उप सरपंच-ग्रा. पं. माना बस्ती
तिलोकना पटेल
ग्राम पंचायत सेजबहार, जनपद पंचायत धरसींवा
की ओर से समस्त प्रदेशवासियों को
15 अगस्त स्वतंत्रता दिवस एवं कृष्ण जन्माष्टमी
की हार्दिक शुभकामनाएं बधाई...
श्री कोमल जांगड़े
सरपंच
श्री अमरसिंह धनकर
सचिव
श्री धर्मेंद्र कुमार यदु
उपसरपंच
समस्त पंचगण
श्रीमती जानकी सोनवानी पंच, वार्ड क्र.-01
श्री टेकचंद भारती पंच, वार्ड क्र.-02
श्रीमती अमरीका बाई चेलक पंच, वार्ड क्र.-03
श्री घनश्याम कौशिक पंच, वार्ड क्र.-04
श्रीमती साधना कोसरिया पंच, वार्ड क्र.-05
श्री अवध कुमार पटेला पंच, वार्ड क्र.-06
श्री प्रेमलाल कुर्रे पंच, वार्ड क्र.-07
श्रीमती मीना सोनवानी पंच, वार्ड क्र.-08
श्रीमती खेलिन डहरिया पंच, वार्ड क्र.-09
श्रीमती पिंकी पटेला पंच, वार्ड क्र.-10
श्रीमती वीणा वर्मा पंच, वार्ड क्र.-11
श्रीमती कविता यादव पंच, वार्ड क्र.-12
श्री राजेश साहू पंच, वार्ड क्र.-13
श्री टेकराम साहू पंच, वार्ड क्र.-14
श्रीमती गिरजा साहू पंच, वार्ड क्र.-16
श्रीमती जानकी बाई साहू पंच, वार्ड क्र.-17
श्रीमती मोनेश्वरी ध्रुव पंच, वार्ड क्र.-18
श्री नुमेन्द्र सेन पंच, वार्ड क्र.-19
श्रीमती लता सोनी पंच, वार्ड क्र.-20
विनीत - समस्त ग्रामवासी ग्राम पंचायत सेजबहार
ग्राम पंचायत धरमपुरा जनपद पंचायत धरसींवां की ओर से
समस्त प्रदेश वासियों को
15 अगस्त
स्वतंत्रता दिवस
एवं
श्री कृष्ण जन्माष्टमी
की हार्दिक शुभकामनाएं।
श्रीमति डिडनेश्वरी गोपीराम यादव
(सरपंच)
15 AUGUST